# कोलोसल A23a आइसबर्ग

**स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स**

विश्व का सबसे बड़ा आइसबर्ग, **कोलोसल A23a** (3,672 वर्ग किमी), दक्षिण जॉर्जिया द्वीप से लगभग 70 किमी दूर अटका हुआ है, जो संभवतः अपने वन्यजीव आवासों को पारिस्थितिक क्षति से बचा रहा है।

- A23a **वर्ष 1986 में फिल्चनर आइस शेल्फ (अंटार्कटिका)** से **टूट गया** और 30 से अधिक वर्षों तक वेडेल सागर में अटका रहा और **वर्ष 2020 में उत्तर की ओर** दक्षिण जॉर्जिया द्वीप की ओर बहना शुरू कर दिया।
- आइसबर्ग के भूमि पर अवतलन और विगलन से निकलने वाले **पोषक तत्त्व समुद्री भोजन की उपलब्धता को बढ़ा सकते हैं,** जिससे **क्षेत्रीय पारिस्थितिकी तंत्र** को सहायता मिल सकती है।
- **दक्षिण जॉर्जिया द्वीप: ब्रिटेन** दक्षिण जॉर्जिया **(जिस पर अर्जेंटीना भी दावा करता है)** को ब्रिटिश विदेशी क्षेत्र के रूप में प्रशासित करता है।
- **आइसबर्ग: आइसबर्ग वृहदाकार तैरते हिम पिंड** होते हैं जो **ग्लेशियरों** से टूटकर महासागरों या समुद्रों में तैरते रहते हैं।
  - चूँकि हिम का **घनत्व जल से कम** होता है, इसलिये आइसबर्ग का **90% भाग** जल की सतह से नीचे रहता है, केवल ऊपरी भाग ही दिखाई देता है।




**और पढ़ें:** [**आइसबर्ग A68a**]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/colossal-a23a-iceberg-stuck